तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं० व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

न्यायालय संभागीय आयुक्त, बीकानेर
अपील संख्या– 35/2023 अपील अंतर्गत धारा 75
भू–राजस्व अधिनियम 1956
(GCMS No.- 2023/46)

अनवानः

1. अजायब सिंह पुत्र श्री जीत सिंह नाई सिख निवासी 47 एल.एल. डब्ल्यू. तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़।
2. गुरदयाल कौर पत्नि जीत सिंह वगैरह।

बनाम

1. मु. परमजीत कौर पत्नि गिरदावर सिंह
2. गुरजंट सिंह पुत्र गिरदावर सिंह जटसिख वगैरह।

5.7.2023

आज यह पत्रावली अपीलांट श्री अजायब सिंह पुत्र जीत सिंह नाइ सिख मु.आ. अपीलांट्स जरिये अधिवक्ता श्री तेजाराम बेड़ा के उपस्थित होने एवं इनके द्वारा विड्रावल खारिज करने के निवेदन पर पेशी में ली गई। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट ने इस न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि अपीलांट्स एवं रेस्पोडेन्ट्स के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अपीलांट अब अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहता हैं एवं अपील विड्रो करना चाहता है।

हमने प्रार्थी एवं अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र तथा पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन किया। यह अपील कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) पदमपुर जिला श्रीगंगानगर के आदेश दिनांक 06.04.2023 के विरूद्ध इस न्यायालय में विचाराधीन है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी इस अपील को आगे चलाना नहीं चाहते एवं विड्रो करना चाहते है। रेस्पोडेंट संख्या 1 ता 4, 6 व 8 ता 10 की ओर से अधिवक्ता श्री सत्यपाल सहू जरिये वकालतनामा उपस्थित। अभिभाषक रेस्पोडेन्ट श्री सत्यपाल सहू ने अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 27.06.2023 पर अनापत्ति जाहिर की। अतः यह अपील अपीलांट जरिये विड्रावल (withdrawal) इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिनस्थ न्यायालय को इस न्यायालय के आदेश की प्रमाणित प्रति प्रेषित हो। अपील नंबर से कम होकर पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(डॉ. नीरज के. पवन)
संभागीय आयुक्त,
बीकानेर